हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक : 294 : जौनपुर, बुधवार 26 जुलाई 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## राजस्थान और गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे मोदी

एजेन्सी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 और 28 जुलाई को राजस्थान और गुजरात का दौरा करेंगे तथा इस दौरान एक लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) राष्ट्र को समर्पित करेंगे और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) के तहत लगभग 17,000 करोड़ रुपये की 14 वीं किस्त भी जारी करेंगे। अपने इस दौरे के दौरान मोदी राजस्थान में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों और छह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे तथा अपने गृह राज्य गुजरात के राजकोट में एक नए अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के साथ ही 860 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 27 जुलाई को सुबह लगभग 11.15 बजे राजस्थान के सीकर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद वह गुजरात के राजकोट पहुंचेंगे, जहां दोपहर करीब सवा तीन बजे प्रधानमंत्री राजकोट



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का अवलोकन करेंगे। शाम करीब सवा चार बजे प्रधानमंत्री राजकोट के रेसकोर्स मैदान में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। अगले दिन सुबह सुबह लगभग 10रू30 बजे वह गांधीनगर में महात्मा मंदिर में सेमीकॉन इंडिया 2023 का उद्घाटन करेंगे। अपनी यात्रा के पहले दिन राजस्थान के सीकर में प्रधानमंत्री किसानों को लाभान्वित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत एक लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सभी किसानों की जरूरतों के लिए एक ही स्थान पर समाधान प्रदान करने के लिए पीएमकेएसके विकसित किए जा रहे हैं।श्‍ इन केंद्रों पर उर्वरक, बीज, उपकरण और मिट्टी से लेकर परीक्षण सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री यूरिया गोल्ड योजना की भी शुरुआत करेंगे। यूरिया गोल्ड यूरिया की एक नई किस्म है जो सल्फर लेपित है और इसकी शुरूआत से मिट्टी में सल्फर की कमी दूर होगी। पीएमओ ने कहा, ''यह अभिनव उर्वरक नीम–लेपित यूरिया की तुलना में अधिक किफायती और कुशल है। यह पौधों में नाइट्रोजन उपयोग दक्षता में सुधार करता है, उर्वरक की खपत को कम करता है और फसल की गुणवत्ता को बढ़ाता है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) पर 1,500 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के ऑनबोर्डिंग की शुरुआत करेंगे। ओएनडीसी, एफपीओ को डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन भुगतान, बिजनेस–टू–बिजनेस (बी2बी) और बिजनेस–टू–कंज्यूमर लेनदेन तक सीधी पहुंच के साथ सशक्त बनाता है। पीएमओ ने कहा, ''किसानों के कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण पेश करने वाले कदम में, प्रधानमंत्री पीएम–किसान के तहत लगभग 17,000 करोड़ रुपये की 14 वीं किस्त की राशि 8.5 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री चित्तौड़गढ़, धौलपुर, सिरोही, सीकर और श्रीगंगानगर में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे और बारां, बूंदी, करौली, झुंझुनू, सवाई माधोपुर, जैसलमेर और टोंक में सात चिकित्सा महाविद्यालयों की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जिन चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे उन पर कुल 1400 करोड़ रुपये की लागत आई है जबकि वह जिन सात चिकित्सा महाविद्यालयों की आधारशिला रखेंगे,वे 2,275 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जाएंगे।

## विपक्ष के इंडिया नाम पर पीएम मोदी का बड़ा बयान

एजेन्सी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया नाम को लेकर विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि आतंकी संगठनों में भी इंडिया नाम रखा है।

भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडिया नाम का भी अजीब संयोग है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन नेशनल कांग्रेस तो अंग्रेजो ने बनाया था। इंडियन मुजाहिदीन की स्थापना आतंकवादियों ने की थी और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे संगठनों में भी इंडिया लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक में विपक्ष को दिशाहीन बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि ऐसा दिशाहीन विपक्ष तो उन्होंने आज तक नहीं देखा।उन्होंने पूरे देश के गांवों से मिट्टी लाकर दिल्ली में एक अमृत वन बनाने की बात भी बैठक में कही। उन्होंने अंधेरे के बाद भोर होने का जिक्र करते हुए कहा कि भोर में एनर्जी ज्यादा होती है।

## डीयू के कॉलेजों में दाखिले के लिए 2 अगस्त को आएगी पहली लिस्ट

एजेन्सी

नयी दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट 2 अगस्त को जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि लिस्ट आने के बाद सफल छात्रों को अपने आवंटित कॉलेजों में रिपोर्ट करनी होगी। लिस्ट में नाम आने वाले छात्रों को 3 से 5 अगस्त के बीच अपने संबंधित कॉलेजों में पहुंचकर रिपोर्ट करना होगा। इस बीच एक और महत्वपूर्ण फैसला करते हुए सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय ने अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को 26 जुलाई 2023, शाम 4 बजकर 59 मिनट तक बढ़ाने का निर्णय किया है। गौरतलब है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में अंडरग्रेजुएट दाखिले, कॉमन सीट आवंटन प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे हैं। कॉमन सीट आवंटन प्रणाली के तहत पहले और दूसरे चरण के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 24 जुलाई थी। अब इसे बढ़ाकर 26 जुलाई कर दिया गया है। यानी दाखिला पाने के इच्छुक छात्र 26 जुलाई तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम पोर्टल के माध्यम से करीब तीन लाख छात्रों ने अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। पोर्टल पर रजिस्टर्ड 2,95,343 अभ्यर्थियों में से 2,28,288 ने सीएसएएस दिल्ली विश्वविद्यालय आवेदन पत्र जमा किया है, जबकि 68 हजार से अधिक छात्रों ने अभी तक अपना आवेदन जमा नहीं किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय को अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों की 71 हजार से अधिक सीटों के लिए 3 लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। आवेदनों की संख्या अभी और बढेगी, क्योंकि यूजी दाखिलों की आवेदन प्रक्रिया अभी जारी है। छात्र पंजीकरण शुल्क जमा करके दाखिले की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय ने 78 अंडर ग्रेजुएट और 198 बीए पाठ्यक्रम का प्रोग्राम छात्रों के लिए उपलब्ध कराया है। दिल्ली विश्वविद्यालय समेत देश के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अंडरग्रेजुएट दाखिले सीयूईटी रिजल्ट के आधार पर होंगे। सीयूईटी की परीक्षाएं हो चुकी हैं और इसका रिजल्ट जारी होने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले की प्रक्रिया का दूसरा चरण शुरू हुआ है।

## दिल्ली के बुनियादी ढाचे पर आफत, बढ़ते संकट के बीच 1100 करोड़ रुपये बर्बाद

एजेन्सी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार, जिसने पिछले तीन वर्षों में विज्ञापनों पर 1100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है, क्योंकि शहर ढहते बुनियादी ढांचे से जूझ रहा है। दिल्ली सरकार की विषम प्राथमिकताओं पर सवाल उठाने वाली सुप्रीम कोर्ट की नवीनतम टिप्पणियों ने धन के कुप्रबंधन पर प्रकाश डाला है और राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों, कचरा निपटान और बुनियादी ढांचे के विकास की स्थिति पर चिंता जताई है। साल दर साल भारी–भरकम बजट पेश करने के बावजूद दिल्ली के बुनियादी ढांचे की हालत चिंता का विषय बनी हुई है। दिल्ली सरकार ने 2020–21 में 65,000 करोड़ रुपये, 2021–22 में 69,000 करोड़ रुपये और 2022–23 के लिए 75,800 करोड़ रुपये आवंटित किए।हालांकि, इस बजट का एक हिस्सा विज्ञापनों पर बर्बाद किया गया, जो नवीनतम बजट का लगभग



1.41 फीसदी है। हाल की मानसूनी बारिश ने समस्या को और बढ़ा दिया है, जिससे शहर एक तरह से जलभराव की भूलभुलैया में तब्दील हो गया है। पानी भरी सड़कों से गुजरते समय यात्रियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जो उचित जल निकासी और रखरखाव प्रणालियों की कमी को उजागर करता है। मानसून के दौरान यमुना नदी के पास रहने वाले निवासियों को विशेष रूप से कड़ी मार पड़ी, कई लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। साथ ही शहर को कूड़े के संकट का भी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि कूड़ा सड़कों पर बिखरा रहता है। सार्वजनिक स्थानों पर फैला हुआ कूड़ा–कचरा न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता है, बल्कि शहर के स्वच्छता मानकों पर भी खराब असर डालता है। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने वित्तीय कुप्रबंधन के मुद्दे को सामने ला दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एस.के. कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने टिप्पणी की, अगर पिछले तीन वर्षों में विज्ञापनों पर 1100 करोड़ रुपये खर्च किए जा सकते हैं।

## हिंसा के बीच मणिपुर में बड़ी घुसपैठ, म्यांमार के 718 लोग अवैध रूप से हुए दाखिल

एजेन्सी

इंफाल। मणिपुर सरकार ने कहा है कि म्यांमार के 301 बच्चों सहित कम से कम 718 नागरिकों ने पिछले सप्ताह पूर्वोत्तर के राज्य में अवैध रूप से प्रवेश किया। गृह विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, भारत–म्यांमार सीमा पर तैनात सुरक्षा बल असम राइफल्स ने 22–23 जुलाई को चंदेल जिले में म्यांमार के नागरिकों के अवैध रूप से प्रवेश करने की सूचना दी थी। मुख्य सचिव विनीत जोशी ने असम राइफल्स से जानना चाहा कि म्यांमा के नागरिकों को बिना यात्रा दस्तावेज के भारत में प्रवेश की अनुमति कैसे दी गई। उन्होंने असम राइफल्स को इन अवैध प्रवासियों को तुरंत देश से भेजने का निर्देश दिया। जोशी ने एक बयान में कहा, ''मुख्यालय 28 सेक्टर असम राइफल्स से रिपोर्ट मिली है कि 718 शरणार्थी भारत–म्यांमार सीमा को पार कर न्यू लाजांग के आम क्षेत्र में घुस आए हैं। म्यांमार के इन 718 नागरिकों में 209 पुरुष, 208 महिलाएं और 301 बच्चे शामिल हैं। इससे पहले, म्यांमार के 13 नागरिकों ने 22 जुलाई को लाजांग इलाके में प्रवेश किया था। बयान में कहा गया है कि 23 जुलाई को म्यांमा के कुल 230 नागरिक न्यू लाजांग में, 89 न्यू समताल में, 143 यांग्नोमफाई गांव में, 175 यांग्नोमफाई सॉ मिल में, 30 ऐवोमजंग में और 38 भोंससे में अवैध रूप से दाखिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के मुताबिक, ''राज्य सरकार ने सीमा की सुरक्षा करने वाले असम राइफल्स को यात्रा दस्तावेज के बिना मणिपुर में म्यांमार के नागरिकों के प्रवेश को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने का स्पष्ट निर्देश दिया था। बयान के अनुसार, ''राज्य सरकार अवैध प्रवेश के मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेती है।

## पश्चिम बंगाल: भाजपा विधायक बिष्णु पद रे का निधन, पीएम मोदी, सीएम ममता ने जताया शोक

एजेन्सी

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक बिष्णु पद रे का मंगलवार सुबह यहां के एक सरकारी अस्पताल में निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कुछ समय से फेफड़ों के संक्रमण से पीड़ित थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र में हिस्सा लेने के लिए कोलकाता पहुंचे रे को बेचौनी की शिकायत के बाद रविवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया, ''सोमवार को रे की सर्जरी की गई थी। इसके बाद उनकी तबीयत में थोड़ा सुधार भी हुआ, लेकिन रात में हालत फिर बिगड़ गई और मंगलवार तड़के तीन बजे उनका निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, ''बिष्णु पद रे जी के असामयिक निधन के बारे में जानकर दुख पहुंचा।

वह एक परिश्रमी विधायक थे, जिन्होंने जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कई प्रयास किए। उन्होंने बंगाल भाजपा को मजबूत करने के लिए भी कड़ी मेहनत की। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना। ओम शांति। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी विधायक के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट किया, ''जलपाईगुड़ी जिले के धूपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिष्णु पद रे के निधन से गहरा दुख हुआ है। रे के परिजन, मित्रों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रे के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार के सदस्यों, मित्रों और समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। शुभेंदु ने ट्वीट किया, ''मैं अपने सहयोगी और धूपगुड़ी से विधायक बिष्णु पद रे के असामयिक निधन से बेहद दुखी हूं। उन्हें दिल की बीमारी के कारण पीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बंगाल भाजपा विधायक दल की ओर से मैं उनके परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। ओम शांति।

## आम आदमी पार्टी के संजय सिंह का संसद परिसर में धरना जारी

एजेन्सी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, जिन्हें मणिपुर हिंसा मुद्दे पर अनियंत्रित व्यवहार के लिए संसद के शेष मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था, ने मंगलवार को भी अपना धरना जारी रखा। सोमवार को राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा निलंबित किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। सोमवार दोपहर और रात को उनके साथ कई अन्य विपक्षी सांसद भी शामिल हुए।

## जो कहना है कह लीजिए मोदी जी, हम इंडिया हैं..., पीएम मोदी के बयान पर राहुल गांधी का पलटवार

एजेन्सी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर निशाना साधे जाने के बाद मंगलवार को उन पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री इस गठबंधन को लेकर कुछ भी कहें, लेकिन यह 'इंडिया है, जो मणिपुर को मरहम लगाने तथा हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेगा। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि यह विपक्षी गठबंधन मणिपुर में भारत की अवधारणा का पुनर्निर्माण करेगा।राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ''मोदी जी, आप हमें जो चाहें संबोधित कर लें। हम 'इंडिया हैं। हम मणिपुर को मरहम लगाने और हर महिला एवं बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेंगे। हम राज्य के सभी लोगों के जीवन में प्यार और शांति वापस लाएंगे। हम मणिपुर में भारत की अवधारणा का पुनर्निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियाश को देश का अब तक का सबसे 'दिशाहीनश गठबंधन करार दिया और ईस्ट इंडिया कंपनी तथा इंडियन मुजाहिदीन जैसे नामों का हवाला देते हुए कहा कि केवल देश के नाम के इस्तेमाल से लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने ट्वीट किया, '' मोदी जी, आप कांग्रेस विरोध में इतने अंधे हो गए कि इंडिया से ही नफरत करने लग गए। सुना है आज कुंठा में आ कर आपने इंडिया पर ही हमला बोल दिया। कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट कर कहा, ''विपक्ष को कोसते कोसते प्रधानमंत्री मोदी 'इंडियाश को ही भला बुरा कहने लग गये? एक बात साफ है–अपनी घटिया ट्रोल आर्मी को निर्देश आप ही देते हैं।

## 370 पर चल रही सुनवाई के बाद आना, सिमी पर प्रतिबंध के खिलाफ तत्काल सुनवाई से एससी का इनकार

एजेन्सी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं की तत्काल सुनवाई का अनुरोध मंगलवार को ठुकरा दिया। न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने मामले को सूचीबद्ध करने का आग्रह करने वाले अधिकवक्ता को संविधान के अनुच्छेद–370 के मुद्दे पर सुनवाई पूरी होने के बाद शीर्ष अदालत का रुख करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता ने पीठ से कहा कि मामला 18 जनवरी को सुनवाई के लिए आया था और इसे तब से सूचीबद्ध नहीं किया गया है। इस पर पीठ ने कहा, "अगले हफ्ते संविधान पीठ में



(अनुच्छेद–370) पर सुनवाई शुरू होने वाली है। उक्त सुनवाई पूरी होने के बाद मामले का उल्लेख करें।"केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत से कहा था कि भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के सिमी के मकसद को पूरा नहीं होने दिया जा सकता। उसने कहा था कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्य अब भी विघटनकारी गतिविधियों में शामिल हैं, जो देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डाल सकती हैं। सर्वोच्च न्यायालय में दायर जवाबी हलफनामे में केंद्र ने कहा था कि सिमी के सदस्य अन्य देशों में मौजूद अपने सहयोगियों और आकाओं के 'लगातार संपर्क में हैं तथा उनकी गतिविधियां भारत में शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द में खलल डाल सकती हैं।सरकार ने यह भी कहा था कि सिमी का उद्देश्य भारत में इस्लाम के प्रचार–प्रसार और 'जिहादश के लिए छात्रों एवं युवाओं का समर्थन हासिल करना है। हलफनामे के मुताबिक, रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों से स्पष्ट है कि 27 सितंबर 2001 को प्रतिबंधित किये जाने के बावजूद, बीच की एक संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, सिमी के सदस्य एकजुट हो रहे हैं, बैठक कर रहे हैं, साजिश रच रहे हैं, हथियार और गोला–बारूद हासिल कर रहे हैं तथा उन गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं, "जो विघटनकारी प्रवृत्ति की हैं और भारत की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने की क्षमता रखती हैं।

## मेघालय सीएम ऑफिस पर हमला, भाजपा पदाधिकारी समेत 18 लोग गिरफ्तार, टीएमसी नेताओं की तलाश जारी

एजेन्सी

तुरा। पश्चिम मेघालय के तुरा शहर में मुख्यमंत्री के कार्यालय पर हमला मामले में संलिप्तता के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला मोर्चा की दो पदाधिकारियों समेत कम से कम 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने सोमवार रात को भवन पर हमला करने के लिए भीड़ को उकसाने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं की धरपकड़ के लिए तलाश शुरू कर दी है। हमला उस वक्त हुआ जब मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा अचिक कॉन्शियस होलिस्टिकली इंटीग्रेटेड क्रिमा (एसीएचआईके) और गारो हिल्स स्टेट मूवमेंट कमेटी (जीएचएसएमसी) के नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे, जो तुरा को पूर्वोत्तर राज्य की शीतकालीन राजधानी बनाने की अपनी मांग पर दबाव डाल रहे थे।

## संसद में गतिरोध दूर करने के लिए लोकसभा स्पीकर ने बुलाई बैठक, विपक्ष अड़ा

एजेन्सी

नयी दिल्ली। मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर लोकसभा में जारी गतिरोध मंगलवार को भी जारी रहा और इस मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से बुलाई गई बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने–अपने रूख पर अड़े रहे। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही विपक्षी दलों के सदस्य मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान और फिर चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं सरकार का कहना है कि इस मुद्दे पर वह चर्चा को तैयार है जिसका जवाब गृह मंत्री अमित शाह देंगे। इसके कारण संसद के दोनों सदनों में कामकाज बाधित है।सूत्रों ने बताया कि मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही निचले सदन में इस मुद्दे पर गतिरोध को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने मंगलवार को अपने कक्ष में सभी दलों की बैठक बुलाई। सूत्रों के अनुसार, बिरला ने सभी नेताओं से इस विषय पर पुनः अपनी पार्टी में चर्चा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर एक बार फिर बैठक की जाएगी। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद भवन परिसर में कहा, '' सदन के सामने देश हित से जुड़े कई विधेयक और मुद्दे चर्चा के लिए लंबित हैं।श्‍ उन्होंने कहा, '' सरकार कोई भी विधेयक बिना चर्चा के पारित नहीं करना चाहती है और हर मुद्दे पर व्यवस्थित और रचनात्मक तरीके से चर्चा कराना चाहती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' मैं विपक्ष से एक बार फिर सदन चलाने में सहयोग देने की अपील करता हूं। प्रह्लाद जोशी ने कहा, ''लोकसभा अध्यक्ष जब भी निर्णय करेंगे हम मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं और अगर वह कल चर्चा कराने का निर्णय करते हैं तो हम तब भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि चर्चा के बाद गृह मंत्री (अमित शाह) इसका विस्तृत जवाब देंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार हों या दलितों पर अत्याचार हों, इसे लेकर राजस्थान के सांसद भी चर्चा की मांग कर रहे हैं और इस बारे में लोकसभा अध्यक्ष को निर्णय करना है।

## सम्पादकीय

# लिंगानुपात में गिरावट

देश में जब कभी जन्म लिंगानुपात में विसंगति का जिक्र आता है तो हरियाणा का नाम अकसर लिया जाता है। हाल के वर्षों में सरकार के प्रयासों तथा समाज में जागरूकता के चलते जन्म के वक्त लिंगानुपात में आशातीत सुधार आया था। सरकार ने भ्रूण लिंग की जांच करने वाले निजी अस्पतालों व डॉक्टरों पर शिकंजा भी कसा था। जिसका सकारात्मक प्रतिसाद भी मिला। लेकिन हालिया आंकड़ों में जन्म लेने वाली बेटियों की संख्या घटी है। गत वर्ष दिसंबर में हजार बेटों पर 917 बेटियां जन्मी थीं। लगा था कि हरियाणा में समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। लेकिन जून 2023 में सामने आए जन्म के वक्त लिंगानुपात के आंकड़े बताते हैं कि यह संख्या अब घटकर प्रति हजार 906 ही रह गई है। आमतौर इस गिरावट की जो वजहें बतायी जा रही हैं उनमें लिंग जांच के अवैध धंधों से जुड़े लोगों का निकटवर्ती राज्यों में पहुंच बढ़ाना, प्रदेश में निगरानी और जवाबदेही में शिथिलता, जागरूकता अभियान में सुस्ती तथा बड़ी प्रोत्साहन योजना का अभाव बताया जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ी वजह उस तकनीक का प्रयोग में लाया जाना है जिसमें छोटी पोर्टेबल मशीनों द्वारा वाहनों में ही लिंग जांच की व्यवस्था उपलब्ध है। जैसे–जैसे सरकार ने जांच रोकने में सख्ती दिखानी शुरू की, इस गोरखधंधे से जुड़े शातिर लोग लिंग जांच के नये तरीके अपनाने लगे। जिसको पकड़ना पुलिस–प्रशासन के लिये असंभव तो नहीं, कठिन जरूर हो गया। यही वजह है कि इस साल सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद राज्य में जन्म समय के लिंग अनुपात में ग्यारह अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रसव पूर्व लिंग जांच के लिये इस अवैध धंधे में जुड़े लोगों द्वारा नयी प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग किया जाना है। आरोप है कि एक सेलफोन के आकार की एक अल्ट्रासाउंड मशीन का दुरुपयोग रैकेटियरों द्वारा लिंग निर्धारण परीक्षण के लिये किया जा रहा है। जिसको पकड़ना भी अब पुलिस–प्रशासन के लिये चुनौती है। जानकार बताते हैं कि नैनो अल्ट्रासाउंड मशीन से बड़ी संख्या में लिंग जांच की सूचना निगरानी करने वाले विभागों को नहीं मिल पाती। दरअसल, यह मशीन एक तार के माध्यम से जांच प्रक्रिया से जुड़ी होती है। परीक्षण प्रक्रिया के दौरान फोन के आकार की मशीन की स्क्रीन पर अल्ट्रासाउंड जैसे चित्र उभर आते हैं। वैसे विशेषज्ञ बताते हैं यह कहना जल्दबाजी होगी कि इन नैनो अल्ट्रासाउंड मशीनों के जरिये सटीक जांच होती है। अभी ऐसी स्कैनिंग मशीनों की प्रामाणिकता को लेकर भी बहस जारी है। लेकिन समाज में लिंग जांच कराने की उत्सुकता व लागत में कमी के चलते बिचौलिये इस नई तकनीक का प्रयोग भ्रूण के लिंग जांच में कर रहे हैं। हालांकि, इस अवैध कारोबार की निगरानी करने वाले अधिकारियों ने बीते वर्षों में राजस्थान में इस जांच से जुड़े एक अंतर्राज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया था। साथ ही लिंग जांच में इस्तेमाल होने वाले सेलफोन, वायरलेस जांच के उपकरण बरामद किये थे। ऐसे कई मामले बाद में भी प्रकाश में आये। हालांकि, सरकार के उच्च अधिकारी कहते हैं कि छह माह के आंकड़ों से अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते। सही स्थिति साल भर के आंकड़ों के रुझानों से ही पता चलेगी। साथ ही दावा करते हैं कि प्री–नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक टीम ने इस साल साठ सफल छापे मारकर लिंग जांच से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। निस्संदेह, किसी भी समाज में बेहतर जन्म लिंग अनुपात समाज की प्रगतिशीलता को ही उजागर करता है। सरकारी निगरानी व कार्रवाई के अतिरिक्त समाज में जागरूकता लाने की दिशा में भी गंभीर प्रयास करने चाहिए। उस राज्य में जहां बेटियां आज खेलों की दुनिया में सोने–चांदी के तमगों से देश की झोली भर रही हैं। जिस राज्य की बेटियां सेना, अर्द्ध सुरक्षा बलों से लेकर साहसिक खेलों में अपना दमखम दिखा रही हैं, वहां घटता लिंगानुपात समाज की चिंता का विषय होना ही चाहिए। निस्संदेह 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' जैसे आंदोलन की जन्मभूमि हरियाणा में जागरूकता ही लिंगानुपात को आदर्श स्थिति तक पहुंचा सकती है। अब सरकार कह रही है कि हर पंद्रह दिन में स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

## आज का राशिफल

मेष :– आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृषभ :– मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

मिथुन :– लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

कर्क :– कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

सिंह :– आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

कन्या :– आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

तुला :– व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिक :– आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

धनु :– आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

मकर :– व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख–शांति का वातावरण बना रहेगा।

कुंभ :– आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

मीन :– गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# मणिपुर में नारी सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह

संजीव ठाकुर

अब भारत में स्त्रियों की स्वतंत्रता, रक्षा और अस्मिता बचाने की स्थिति बड़ी भयावह हो चुकी हैस त्रासदी यह है की मणिपुर में जिस तरह महिलाओं पर पाशविक अत्याचार हुआ है वह संपूर्ण घटनाक्रम मानव जाति के लिए एक शर्मनाक स्थिति हैस किसी भी सभ्य देश के लिए यह एक बड़ा काला अध्याय और ह्रदय विदारक घटना है। इसके अलावा पूर्व में एक नाबालिक बालिका साक्षी को प्रेम प्रसंग के चलते युवक द्वारा चाकू तथा पत्थरों से सरेराह भीड़ के बीच मौत के घाट उतारना एक दर्दनाक तथा भयावह घटना है। क्या हम मानव से पशु हो चुके हैं जो जो महिलाओं की इस तरह दर्दनाक हत्या करने और सार्वजनिक तौर पर बेइज्जत करने पर आमादा हैंस इसके पूर्व भी एक युवती श्रद्धा की एक प्रेमी युवक द्वारा शरीर के 34 टुकड़े कर खौफनाक हत्या कर दी गई थी. ऐसा लगता है मानो समाज में कोई सुरक्षा व्यवस्था है ही नहींस दूसरी तरफ देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने वाली साक्षी मलिक विनेश फोगाट और अन्य महिला भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर महिला तथा पुरुष पहलवानों द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा था बड़े संघर्षों और प्रयासों के बाद बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफ आई आर के तहत कार्यवाही की जा रही है। बात यहां तक पहुंच गई थी कि वे अपनी कड़ी मेहनत तथा खून पसीने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के बाद देश के लिए प्राप्त किए मेडल को हरिद्वार जाकर गंगा में विसर्जित करने के लिए मजबूर हो गई थी उन्हें समझा–बुझाकर ऐसा करने से रोक तो लिया गया है पर क्या न्याय में देरी न्याय के विमुख होना नहीं है, इसी तरह मणिपुर में हिंसा के खिलाफ मीराबाई चानू तथा अन्य 11 मेडलिस्ट ने अपने पदक वापस करने की घोषणा कर दी है। स्थिति बड़ी अराजक एवं भयावह है देश में सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था एकदम लचर हो गई है। महिलाएं असुरक्षित है और न्याय के लिए बाट जोहने पर मजबूर है। हम कागज में महिला सुरक्षा स्त्री सशक्तिकरण महिला भागीदारी की बढ़–चढ़कर बात करते हैं पर धरातल पर वेबसाइट के विपरीत और चिंतनीय है।

देश की विशाल जनसंख्या मैं 50: की भागीदारी रखने वाली राष्ट्र की संवेदनशील माताएं ,बहने अपने मूल तथा सार्थक अधिकार की तलाश में अभी भी संविधान और सरकार की तरफ आस लगाए इंतजार में बैठी हुई है। स्त्रियों का एक बड़ा तबका अभी भी अपनी स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकार से वंचित है। महिलाओं का विकास जितना विशाल आभासी रूप से दिखाया जा रहा है, वास्तविकता एवं धरातल पर स्थिति वैसी नहीं है। महिलाओं के भौतिक रूप से विकास के लिए एक जन अभियान और पृथक समेकित योजना की आवश्यकता देश में होगी तब जाकर महिलाओं के सशक्तिकरण की बात अपनी मूल भावना को प्राप्त कर पाएगा। वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45: से 50: भागीदारी महिलाओं की है । महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में रक्षा प्रतिरक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही हैस आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थीस अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं ।नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता हैस परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है। इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण हैस महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं कि घर से लेकर देश की सीमा तक उन्हें व्यवहार कर देश के विकास और उसकी रक्षा में उन्हें किस तरह योगदान देना है। महिलाओं के बिना देश की प्रगति एवं विकास की कल्पना सर्वथा बेमानी हैस सशक्त माताएं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैंस और सीमा रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी इसका एक बड़ा उदाहरण और प्रतिफल है इन उदाहरणों में से प्रथम लेफ्टिनेंट सुनीता अरोड़ा ,प्रथम एयर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय ,कैप्टन मिताली मधुमिता ,भारत में आए अमेरिकी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाली प्रथम विंग कमांडर पूजा ठाकुर ऐसे अधिकारियों के नाम है जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं महिलाओं के प्रति सारी अवधारणाओं को गलत साबित कर एक सशक्त छवि को निरूपित किया हैस महिलाओं की शारीरिक बनावट तथा उनके शारीरिक विन्यास को देखते हुए प्रतिरक्षा सेवा में उनकी भूमिका बहुत कम रही है,हम मां दुर्गा भवानी की पूजा करते हैं और महिलाओं को कमजोर समझते हैं। किंतु उनकी शक्ति को उनकी भागीदारी को अंततः स्वीकार किया गया और 1992 में पहली बार भारतीय सेना में महिलाओं के लिए द्वार खोले गए एवं 25 महिला कैंडिडेट को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी गया में ट्रेनिंग दी गई इसके पूर्व सिर्फ चिकित्सा सेवा में महिलाओं को नियुक्त किया जाता रहा है। सेना में इनकी भागीदारी होते हुए भी इन्हें पुरुषों के समान अधिकार नहीं दिए गए थे, महिलाएं रक्षा सेवा में विधिक, शिक्षा, इंजीनियरिंग, इंटेलिजेंस तथा ऐयर सिग्नल कोर में अपनी सेवाएं देती रही हैं ।महिलाओं को केवल शॉर्ट सर्विस कमिशन जाने की 14 साल तक के लिए कमीशन किया जाता रहा जबकि पूरे समय के लिए केवल पुरुषों को ही सेना में भर्ती किया जाता थास 2008 में उच्च न्यायालय के निर्देश पर महिलाओं को परमानेंट कमिशन पर रखा जाने लगा। यह नारी सशक्तिकरण के लिए एक सशक्त मील का पत्थर साबित हुआस सेना की सैन्य प्रमुखों की समिति ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की नियुक्ति पर स्थाई कमीशन की सिफारिश तो की किंतु इन्हें लड़ाकू सैनिकों की भूमिका देने से इनकार कर दिया उसके पीछे यह दलील दी गई की महिलाओं को लड़ाई के मैदान में भेजना उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ठीक नहीं एवं देश की संस्कृति के अनुसार महिलाओं को दुश्मन से लड़ने भेजना अथवा दुश्मन द्वारा पकड़े जाने पर उचित नहीं होगा। इसलिए महिलाओं को फ्रंटलाइन में नियुक्त किया जाना उचित नहीं होगा किंतु बाद में कुछ संशोधन किए जाने के पश्चात महिला अधिकारी कॉम्बैट जोन में पदस्थ की जाने लगी किंतु समाज का नजरिया महिलाओं के संदर्भ में बदलने लगा एवं 2016 में सशस्त्र बलों के कॉम्बैट क्षेत्र में महिलाओं को नियुक्ति देने की बात स्वीकार की गई इसमें दुनिया में कुछ देश ही हैं जिन्होंने महिलाओं को वार फ्रंट पर नियुक्त किया है। पूर्व के थल सेना प्रमुख बिपिन रावत ने भी कहा था कि हम महिला और पुरुष को समान रूप से देखना चाहते एवं इसके लिए जल थल और वायु सेना एक रूपरेखा तैयार कर रही है जिसके सुखद परिणाम भी होंगे,सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत रूप से सामने आएगी एवं पुरुषों की भांति देश की रक्षा तथा दुश्मनों से लोहा लेने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं।

# 2024 का चुनाव फिर रामभरोसे?

अगले साल लोकसभा के लिये होने वाले बेहद अहम चुनावों को लेकर जहां केन्द्र में अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में 38 सियासी दलों को जोड़कर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन (एनजीए) को पुनर्जागृत किया गया है, तो वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती देने के लिये 26 विपक्षी दल कांग्रेस की अगुवाई में लामबन्द हो चुके हैं। इससे यह उम्मीद बन्ध चली थी कि अगला चुनाव 2014 व 2019 की तरह भावनात्मक मुद्दों पर नहीं वरन ठोस व जन सरोकार के मुद्दों पर लड़ा जायेगा ।साम्प्रदायिकता बनाम सशक्तिकरण का फार्मूला सामने आया था और ऐसा लग रहा है कि नवनिर्मित विपक्षी गठबन्धन श्इंडियाश (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूजिव एलाएंस) पुनर्गठित एनडीए को तगड़ी चुनौती दे सकेगा। इसी के मद्देनजर इंडिया दो बैठकें (पटना व बेंगलुरु में) कर चुका है। अब न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने तथा सीटों के बंटवारे को लेकर मुम्बई में बैठक होगी। दूसरी तरफ लगता है कि भाजपा व उसके सहयोगी दल फिर से राम जी की शरण में चले गये हैं और 2024 का चुनाव राम मंदिर के बल पर सत्ता पक्ष द्वारा लड़ा जा सकता है।

ऐसा सोचने का कारण है भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हाथ में लिये गये नये कार्यक्रम। जिसके अंतर्गत जनवरी, 2024 में देशव्यापी श्राम महोत्सवश आयोजित होगा तथा श्स्मार्ट टेम्पल मिशनश के अंतर्गत देश भर के मंदिरों को श्टेम्पल कनेक्टश नामक कार्यक्रम के जरिये एक दूसरे से जोड़ा जायेगा। रविवार को अयोध्या में हुई श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मंदिर निर्माण समिति की बैठक में तय किया गया कि अगले वर्ष 14 से 26 जनवरी के बीच मोदी अयोध्या के राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे।

नये वर्ष के आरम्भ में देश भर में राम महोत्सव मनाया जायेगा। इसके तहत भारत के मंदिरों में रामचरित मानस व हनुमान चालीसा का पाठ होगा। पूरे देश में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपावली की ही तरह हर घर के सामने कम से कम 5 दीपक जलाए जायेंगे। सभी बड़े मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर लाइव प्रसारण होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास का तो कहना



है कि यह दूसरे स्वतंत्रता दिवस की तरह का अवसर है। अयोध्या में 32 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य जारी हैं जिनमें सड़कों का चौड़ीकरण, एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन में सुविधाओं का विस्तार, प्रसादालय का आधुनिकीकरण आदि शामिल है। प्रमुख धर्माचार्यों को इस कार्यक्रम में बुलाया जायेगा। श्रीराम की भव्य मूर्ति भी इस साल अक्टूबर तक पूरी हो जायेगी। उधर वाराणसी में विश्व भर के मंदिरों के व्यवस्थापन को लेकर हुए अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन में 32 देशों के मंदिरों के न्यास व्यवस्थापक शामिल हुए। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इसका उद्घाटन करते हुए मंदिरों को श्राष्ट्रीय एकता का सूत्रधारश बताया। उन्होंने मंदिरों को उपासना व कलाओं के केन्द्र बनाने की जरूरत बतलाई। सम्मेलन में मंदिरों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की बात कही गयी। सभी मंदिरों की नेटवर्किंग का भी कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

स्मार्ट टेम्पल मिशन के तहत सभी मंदिरों को एक दूसरे से जोड़ा जायेगा। हर प्रमुख मंदिर को अन्य छोटे मंदिरों को मदद करने की जिम्मेदारी दी जायेगी। टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी के दिये प्रेजेंटेशन के मुताबिक दुनिया भर के मंदिरों की अर्थव्यवस्था करीब 3.28 लाख करोड़ रुपये है। इस सम्मेलन में जितने मंदिरों के व्यवस्थापक व न्यासी आये हैं उनकी सम्मिलित अर्थव्यवस्था का आकार 1.64 लाख करोड़ रु. के बराबर है। टेम्पल कनेक्ट द्वारा लगभग 60 देशों के 9000 से अधिक मंदिरों का डाटाबेस तैयार करने की बात भी कही गयी। बेशक धर्म निजी आस्था के विषय हैं और धार्मिक आजादी के तहत हर कोई अपनी उपासना पद्धति चुनने के लिये स्वतंत्र है। भारत इस राह पर पहले से चलता आया है और इस तरह के कार्यक्रम करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। होनी भी नहीं चाहियेय पर प्रश्न तो यह है कि क्या अगले लोकसभा चुनाव का यह प्रमुख मुद्दा होगा? अगर ऐसा है तो करोड़ों लोगों के भौतिक जीवन से जुड़े मुद्दे तो कहीं आड़ में नहीं चले जायेंगे? पिछले कुछ वर्षों से देश के सामने जो आर्थिक मसले हैं और जिन मुश्किलात से नागरिक गुजर रहे हैं, उन्हें लेकर सत्तारुढ़ दल व उनके नेताओं की ओर से शायद ही कोई ठोस बात कही जाती है। गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का गिरता स्तर, बिगड़ती कानून–व्यवस्था, परस्पर नफरत का माहौल आदि वे मुद्दे हैं जिन्हें लेकर सत्ता को जनता के सामने जाना चाहिये। हाल के महीनों में नरेन्द्र मोदी की छवि में जो गिरावट आई है तथा विपक्ष ताकतवर हो रहा है, क्या श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, राम महोत्सव, टेम्पल कनेक्ट जैसे कार्यक्रम पीएम, भाजपा व एनडीए के उद्धारक साबित होंगे? वैसे तो कुछ समय पहले ही संघ के मुखपत्र आर्गेनाइजर ने चेतावनी दी थी कि श्मोदी के चेहरे व हिन्दुत्व के नाम पर अगला चुनाव नहीं लड़ा जा सकताश, लेकिन लगता है कि उस सलाह को दरकिनार कर भाजपा अपने लोकप्रिय नैरेटिव के बूते लोकसभा–2024 को फतह करने की कोशिशों में अभी से जुट गयी है।

# पक्ष, विपक्ष संसद और गतिरोध

लोकतन्त्र का यह अन्तर्निहित सिद्धान्त होता है कि जब देश में कोहराम मचा हो तो संसद शान्त नहीं रह सकती क्योंकि यह उसी देश के रहने वाले लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। संसद के दोनों सदनों की नियमावली को बनाने वाले हमारे दूरदर्शी संसदीय विशेषज्ञ पुरखों ने यह व्यवस्था कुछ सोच–समझ कर ही की होगी कि जब किसी विषय पर देश उबल रहा हो तो उसका 'अक्स' संसद पर पड़े बिना नहीं रह सकता और ऐसे माहौल में संसद की कार्यवाही अपने पुराने ढर्रे पर चलती दिखाई नहीं दे सकती अतः सदनों के नियमों के तहत ही 'काम रोको' प्रस्ताव रखने का अधिकार उन्होंने विपक्ष के सांसदों को दिया। हमने पूर्व की सरकारों में देखा है कि विपक्ष के सांसद अपने इस अधिकार का प्रयोग अक्सर करते रहे हैं और संसद में सभी सामान्य काम रोक कर चर्चा भी होती रही है। मगर प्रस्ताव का स्वीकार करना या न करना पूर्णतः लोकसभा के अध्यक्ष के विवेक पर निर्भर करता है और उनके निर्णय को चुनौती नहीं दी जा सकती है। इसकी एक वजह यह भी है कि लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव सदन में विभिन्न राजनैतिक दलों के सदस्यों के होने और उनके सत्ता व विपक्ष में बंटे होने के बावजूद प्रायः सर्वसम्मति से ही होता है। वह प्रत्येक सांसद के अधिकारों के संरक्षक होते हैं और सदन में उनकी स्वतन्त्र सत्ता भी होती है। मौजूदा संसद का 'सावन'



सत्र चल रहा है जो कुल 17 बैठकों वाला होगा। इनमें से इसकी तीन बैठकें हो चुकी हैं जो पूर्णतः निरर्थक गई हैं। इसकी वजह यह है कि पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में जिस प्रकार मानवता को रौंदने का नंगा नाच हुआ है और यह राज्य अपने नागरिकों के दो जनजातीय समूहों के बीच खूनी संघर्ष चलने की वजह से जिस गृह युद्ध में फंस कर महिलाओं को निशाने पर ले रहा है उससे पूरा भारत हिल उठा है और इसके नागरिकों को लग रहा है कि मणिपुर में संवैधानिक ढांचा पूरी तरह समाप्त हो चुका है। मणिपुर की इस जनजातीय दुश्मनी की आग अब पूर्वोत्तर के अन्य पड़ोसी राज्यों तक भी पहुंचने लगी है और भारत के इस छोटे से राज्य में हो रही हिंसा और मानवीय अधिकारों के हनन पर दुनिया के अन्य लोकतान्त्रिक व विकसित देशों में भी चर्चा होने लगी है। इसे देखते हुए संसद में मौजूद विपक्षी दल यदि संसद के दोनों सदनों में सभी सामान्य कामकाज रोक कर मणिपुर पर चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं तो कुछ 'ज्यादा' नहीं मांग रहे हैं। संभवतः इसी वजह से आज लोकसभा में स्वयं केन्द्रीय गृहमन्त्री श्री अमित शाह ने आकर कहा कि वह मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा कराने की हिमायत करते हैं जिससे इस राज्य की स्थिति के बारे में देशवासी अवगत हो सकें। मणिपुर का मामला मूल रूप से श्री शाह के मन्त्रालय के अन्तर्गत ही आता है अतः अब यह लोकसभा अध्यक्ष के विवेक पर निर्भर करता है कि वह किस नियम के तहत चर्चा कराते हैं। वह 'विक्रमादित्य' के आसन पर विराजमान हैं और प्रत्येक सांसद के अधिकारों के संरक्षक भी हैं अतः उन्हें अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए पूरे विषय की गंभीरता को समझते हुए न्यायोचित निर्णय लेना होगा। परन्तु विपक्ष यह भी मांग कर रहा है कि मणिपुर के मामले में स्वयं प्रधानमन्त्री पहले संसद के भीतर बयान दें। विपक्ष तर्क दे रहा है कि संसद का सत्र शुरू होने वाले दिन प्रधानमन्त्री ने संसद से बाहर मणिपुर के बारे में बयान दिया जबकि वह ऐसा संसद के भीतर भी कर सकते थे जिससे सांसदों और संसद का सम्मान बढ़ता। लेकिन संसद के बाहर प्रधानमन्त्री का दिया गया बयान कोई नीतिगत बयान भी नहीं था। उन्होंने महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के बारे में चिन्ता व्यक्त की थी और मणिपुर के साथ राजस्थान व छत्तीसगढ़ राज्यों में भी महिला उत्पीड़न की घटनाओं का जिक्र किया था और आश्वासन दिया था कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। हम जानते हैं कि मणिपुर की घटनाओं का देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्वतः संज्ञान लिया है और निर्देश दिया है कि सरकारें कार्रवाई करती नजर आयें। अतः संसद का यह दायित्व बनता है कि वह गतिरोध को समाप्त करके चर्चा करने के मुकाम तक पहुंचे और देशवासियों के साथ पूरी दुनिया को भी सन्देश दे कि भारत जैसे पुरातन सभ्यता वाले देश में किसी भी व्यक्ति या महिला के साथ इंसानियत को शर्मसार करने वाला पाशविक व्यवहार सहन नहीं किया जायेगा और प्रत्येक नागरिक के मानवीय अधिकारों का संरक्षण सरकार पूरे दम–खम के साथ करेंगी। मगर इसके साथ हमें यह भी देखना होगा कि मणिपुर के मामले पर उत्तेजित विपक्षी सांसदों के साथ भी स्थापित संसदीय परंपराओं के उच्च स्तर को ध्यान में रखते ही व्यवहार किया जाये। राज्यसभा से आम आदमी पार्टी के सांसद श्री संजय सिंह का शेष सत्र के लिए निष्कासन किया जाना संसद में व्याप्त उत्तेजित माहौल को देखते हुए दोनों पक्षों सत्ता व विपक्ष के बाच दूरियां और बढ़ायेगा। इसी राज्यसभा में साठ व सत्तर के दशक में जब डा. लोहिया की पार्टी संसोपा के सदस्य स्व. राजनारायण बैठा करते थे तो विरोध प्रदर्शन के लिए वह प्रायः सभापति के आसन के सामने आसन्दी में आकर धरने पर बैठ जाया करते थे। उन्हें कई बार मार्शलों की मार्फत सदन से बाहर भी कराया गया मगर ऐसा मौका कभी नहीं आया कि पूरे सत्र के लिए ही उन्हें सदन से बाहर कर दिया गया हो। ऐसा ही कई बार लालू जी ने वाजपेयी सरकार के दौरान राज्यसभा में आने के बाद भी किया और वह सदन में ही धरने पर बैठे। लोकतन्त्र परस्पर सम्मान के सौहार्द भाव से चलता है। विपक्ष अपना धर्म निभायेगा और सत्तापक्ष अपना बड़प्पन दिखायेगा। ऐसा डा. लोहिया ही कहा करते थे। यदि यह लोकाचार न होता तो डा. अम्बेडकर क्यों कह कर जाते कि संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का ही होता है।

# हर्ष मोदनवाल ने सेल्फ स्टडी से दूसरे प्रयास में यूजीसी जे०आर०एफ० परीक्षा किया पास

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नगर के जहांगीराबाद निवासी वरिष्ठ भाजपा नेताध् समाजसेवी रामआसरे मोदनवाल के भतीजे हर्ष मोदनवाल पुत्र रामबाबू मोदनवाल ने घर पर ही सेल्फ स्टडी करके यूजीसी जे०आर०एफ० 2023 की परीक्षा दूसरे ही प्रयास में उत्तीर्ण किया है, वो प्रथम प्रयास में ही यूजीसी नेट 2022 क्वालीफाई हुए थे

वर्तमान में जहां हर्ष तिलकधारी महाविद्यालय, वाणिज्य विभाग में एम०काम० द्वितीय सेमेस्टर में अध यनरत है, वहीं राजनीति में भी बाल स्वयंसेवक होने से लेकर वर्तमान में भाजपा के जिला सह–संयोजक सोशल मीडिया के दायित्व को भी बखूबी निभा रहे हैं।

उन्होंने यह उपलब्धि हासिल होने पर इसका श्रेय अपने प्रेरणास्रोत टी०डी० कालेज के प्रोफेसर डॉ विशाल सिंह एवं डॉ अवनीश कुमार तथा माता–पिता, बहन और परिवार एवं मित्रों को दिया है। उन्होंने सफलता का रहस्य बताते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति एकाग्र चित्त होकर अध्ययन करने से ही सफलता प्राप्त होती है।यदि हौसले बुलंद हो तो विषम परिस्थितियां भी अनुकूल हो जाती हैं। टी०डी० कालेज वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ अवनीश कुमार ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित हो तो कोई भी विद्यार्थी स्वयं कठिन मेहनत करके सफलता हासिल कर सकता है।परिस्थितियां प्रतिभाओं के लिए मोहताज नहीं होतीं। प्रोफेसर विशाल सिंह ने सभी छात्र– छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। बड़े पिता भाजपा नेता राम आसरे मोदनवाल ने कहा कि वह शुरुआत से ही एक मेधावी छात्र रहा है।

हर्ष की शुरुआती शिक्षा एस० बी० एस पब्लिक स्कूल से हुई है जहां के प्रिंसिपल आनंद सिंह एवं नेहा सिंह ने निरंतर प्रगति करने के लिए बध ाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

छोटी बहन एकता ने कहा कि पढ़ाई के प्रति भईया का संघर्ष देखकर ही मुझे भी प्रेरणा मिलता है।।

बड़े पिता श्याम सुन्दर मोदनवाल ने इस उपलब्धि को पूरे परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाली सुखद अनुभूति बताया। पिता रामबाबू मोदनवाल को बधाई देने के लिए घर पर शुभचिंतकों एवं मित्रों रिश्तेदारों का तांता लग गया है। बड़े भाइयों डॉ दीपक मोदनवाल, नवीन मोदनवाल, सौरभ मोदनवाल, ई० प्रियांशु मोदनवाल ने हार्दिक बधाई दी।

# स्कूल बस से कुचलकर युवती की मौत

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव में बुधवार सुबह बच्चों को लेने जा रही बस से कुचलकर रिंकू 24 वर्ष पुत्री कर्मराज बिंद की मौत हो गई। जिसके बाद उग्र भीड़ ने बस चालक को पकड़पुर बुरी तरीके से पिटाई की और बस को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं घटनास्थल पर एसडीएम को बुलाने की मांग करते हुए अखंडनगर–सरायमोहिउद्दीनपुर मार्ग जाम कर दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल भेजा। इस दौरान मौके पर सीओ शाहगंज शुभम तोदी,प्रभारी तहसील दार अमित सिंह के अलावा पूरे सर्किल की फोर्स जुट गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# तीसरे दिन की शिक्षक संकुल कार्यशाला में प्रशिक्षित हुए शिक्षक संकुल



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जनपद के शिक्षक संकुल के सदस्यों को अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करनें हेतु षशिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जौनपुर के उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कुल 21 विकास खंडों तथा नगर क्षेत्र के शिक्षक संकुलो को कार्यशाला में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें से आज बुधवार को खुटहन, बरसठी, बक्सा, मछलीशहर ब्लॉक के शिक्षक संकुल प्रतिभाग किए स कार्यशाला में वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रवींद्र नाथ यादव, प्रवक्ता गण, वरुण यादव, सोनू भारती, अखिलेश मौर्य, नवीन सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, समस्त डी.सी., समस्त एस. आर. जी., ए. आर. पी. व शिक्षक संकुल, तथा ह्यूमाना के सदस्य उपस्थित रहे स प्रशिक्षण टीम एस. आर.जी. के सदस्य डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. कमलेश कुमार यादव एवं अजय कुमार मौर्य, डी.सी. दुर्गेश चंद्र पटेल तथा विशाल उपाध्याय व ए.आर.पी . सुशील कुमार उपाध्याय, डा.संतोष कुमार तिवारी, रुद्रसेन सिंह ,पंकज यादव ,सतीश यादव द्वारा दिया गया ।

अंत में समस्त प्रतिभागियों को निपुण शपथ दिलाकर प्रशिक्षण को समाप्त किया गया।

# मोस्ट संघठन के कार्यकर्ताओं ने अफसरों को घेरा,बुलाई गई फोर्स

सुल्तानपुर– विभिन्न मांगों को लेकर आज ष्मोस्ट कल्याण संस्थान,उत्तर प्रदेशष के कार्यकर्ताओं ने विकास भवन में घेराव किया । नकारा कर्मियों की बर्खास्तगी की मांग किया। जिसके बाद नाराज कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे ।वहां पुलिस की साए में अपनी मांगों को बुलंद किया। मांग किया कि



उन्होंने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया जाए तत्काल पीड़ितों की दरख्वास पर मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होंने जोड़ा कि विधवा, वृद्धा पेंशन आदि का भुगतान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के अधिकारियों कर्मचारियों का वेतन भुग तान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों की दलाली को जिला अस्पताल से रोका जाए। इस मौके पर भारी हंगामा होते देख नगर कोतवाली पुलिस के कई उपनिरीक्षक मौके पर दल बल के साथ पहुंचे।

# विज्ञान में हिंदी माध्यम के पुस्तकों की जरूरत : कुलपति



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ.राजकुमार एवं डॉ. अवशेष कुमार के द्वारा बी.एस–सी. तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर की पुस्तकें क्रमशः शपुष्पीय पौधों की पहचान एवं सौंदर्यपरक विशेषताएं और सूक्ष्मजैविकी कवक एवम पादप रोग विज्ञानश का लेखन किया।यह पुस्तक टीडी कालेज के शिक्षकों ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य को भेंट की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 20 के तहत विज्ञान विषयों में हिंदी माध यम की पुस्तकें विज्ञान की समझ को बढ़ायेंगी। इस दौरान डॉ. विजय सिंह, डॉ.राहुल सिंह, डॉ.राज बहादुर यादव, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ.अवधेश कुमार मौर्य इत्यादि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण सुरक्षित रहेंगे तो हम भी सुरक्षित रहेंगे : सुभाष सरोज




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। कमंपोजिट विद्यालय आदमपुर बरसठी व सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा वृहद पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र में काफी उत्साह देखा गया बच्चों द्वारा क्षेत्र में रैली भी निकाली गई । रैली में पौधा लगाएंगे पौधा बचाएंगे हम लोगों ने ठाना है घर–घर पौधा लगाना है आदि नारों के साथ जन जागरूकता का संदेश दिया गया। पौधारोपण के समय लोगों मे काफी उत्साह भी देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुभाष सरोज ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेंगे तो हम भी सुरक्षित रहेंगे प्राकृतिक संसाधनों से ही जीवन का अस्तित्व है पर्यावरण सुरक्षा अपने चारों ओर के परिवेश को प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित व सुसज्जित अनुकूल बनाए रखना है । मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान शिव कुमार यादव ने कहा कि हमारा ग्राम प्राकृतिक संपदा से भरपूर हो और आदर्श गांव बनी इसके लिए हम सबको अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभानी है । विशिष्ट अतिथि संजय सिंह व शोधई राम यादव ने कहा कि बारिश के पानी को तालाबों और छोटे जल स्रोतों के माध्यम से जल संचय किया जा सकता है इसमें दो तरह के गड्ढे बनाए जाते हैं एक गड्ढा का दैनिक प्रयोग के लिए जल संचय किया जाता है दूसरे का सिंचाई के काम में प्रयोग किया जाता है आज भूमिगत जल भंडार में काफी जल की कमी है। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जवाहर लाल यादव राजेश गिरी शुरू राम यादव ओम प्रकाश यादव प्रमोद कुमार प्रजापति विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षक संकुल विनोद कुमार यादव संजय यादव राम सजीवन मनोज कुमार त्रिभुवन राम शैलिनी गुप्ता कंचन यादव नीलम रावत आदि लोग उपस्थित थे ।अंत में कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय ने कहा कि इस तरह का अभियान संस्था के द्वारा विगत कई वर्षों से चलाया जा रहा है।

# 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर के माध्यम से वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। 'कारगिल विजय दिवस' के उपलक्ष्य में आज दिनांक 26 जुलाई 2023 को नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर के माध यम से वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



19 बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल दीपक कुमार ने कैडेट्स को देश की रक्षा में लगे प्रत्येक वर्दीधारी सैनिक का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया ᐡ क्योंकि देश के नागरिकों द्वारा प्राप्त सम्मान उन्हे सरहद पर और दृढ़ता से अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित करता है । एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि ऑपरेशन विजय के दौरान हमारे देश के वीरों ने अदम्य साहस का परिचय दिया ᐡ उनके प्रति सम्मान और सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सभी देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वाह पूरी जिम्मेदारी के साथ करें ।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कैडेट्स के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सैनिकों के प्रति सम्मान करना हम सबका दायित्व है। देश उनके बलिदान को कभी भी भुला नहीं सकता।

# अवधी भाषा में कवि गिरीश जी की एक रचना

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

करगिल विजय दिवस पर शहीदों को सत्–सत् नमन।।
विजय दिवस पुष्पांजलि,, अर्पित करते आज।।
वीरों के बलिदान पर, है गिरीश को नाज।।



चल हट भाग हांकिले गदहा लेइ ज उही चराउ।
ए केसर क स्वाद का जानइं एनके घास खियाउ।।

बीछ, बीछ के ऊंच चउतरा, आसन लिहा लगाइ।
ई का तोहरे बाप क हउवइ, धत् तेरी की आउ।।

चल हट भाग हांकिले गदहा लेइ जो उनही चराऊ।।

मंसा पूर कबउं न होये, नहंकइ हया अधीर।
जियतइ जी हमसे का लेबा तू बच्चू कश्मीर।।

करगिल द्रास बटालिक लेबा, आवा तोहके देइ।
जूता भेइं भेंइ सब मारी तोर साथ के देइ।।

ऊंट क चोरी निहुरे,निहुरे देखा तनी तमाशा।
हमसे आंख मिचउली खेलबा तोहइं खाबा झांसा।।

गदहन के कांड़इ न देबइ आपन पलिहर परती।
हम भारत क बीर सिपाही ई हउ आपन धरती।।

दाड़ें अउबा भरि हिक पउबा, गदहउ मार भगाउब।
तू बाते क देवता नाही, लाते से लतियाउब।।

ऐना लेइके देखा चेहरा , पोता बाटइ काउ।
थूथू थूथू थूकत बा दुनियां ,दुनियां से थूकवाउ।

चल,हटघ्भाग हाँक इ गदहा लेई जा उहीं चराउ।।

रस्सी जरिग अइठन बाकी,काही के बउरान।
काउ समुझि के चढ़ि आया तू,चढ़े त भागि पराना।।

ताखे पर धइ दिहा जनेवा,ताशकन्द,शिमला समझौता ।
बस यात्रा लाहौर अटल क भूलि गया तू प्रेम क न्यौता।।

रगरि के चुल्लू भर पानी में नाक डूबि मरि जाते।
कहां देखउबे आपन मुंह तैइ चोरकट तनी लजाते।।

फटा नगोटा तोर तोपि ले ज,ज, नवा सियाउ।
चीन्हि चीन्हि के बीनि ले आपन लेइ ज लाश उठाउ।।

चल हट भाग हाँक ले गदहा लेई ज उहीं चराउ।।

मन में आन बगल में छूरी, कपट भरा बा पोरे, पोरे ।
गब्बर चोर सेन्ह मे गावैइ, लाज नाइ बा ऐइसन चोरे।।

एक्कउ घर त नाइं बचा बा ,कहां नाइं फैइलाया।
खाली हांथे सब लउटाएन, सब के आगे गाया।।

फाटैइ लाग त भागइ लाग, देखि लिहा न आई।।
अति करबा त इति कइ देबैइ,जाये नाउं बुताई।।

जिनगी भर क लतमरूआ तैइ,घूमि के तेल लगा।
आगे पीछे अमरीका के टहरि के गोड़ दबाउ।।

चल हट भाग हांक ले गदहा,लेइज उही चरा।।।

# अवध कॉलेजिएट ने कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ जिसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।

इस कारगिल विजय दिवस पर अवध कॉलेजिएट के बच्चें वार मेमोरियल हॉल ए एम सी सेंटर कॉलेज गए और युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान में पुष्प अर्पित किए तथा उन्हें सलामी देकर याद किया।

विद्यालय प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह ने कहा कि अवध कॉलेजिएट परिवार युद्ध के नायकों की बहादुरी और वीरता को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने अपनी भारत माता की रक्षा के लिए ऑपरेशन विजय का नेतृत्व किया।प्रबंध ाक जी ने बताया की युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए बल के साथ बुद्धि का प्रयोग करना चाहिए। हमे गर्व है कि हम उस भारतीय सेना के द्वारा सुरक्षित किए जाते है जिसके सैनिक अपनी भारत माता के लिए बलिदान देने में अपना सौभाग्य समझते हैं।

निर्देशिका श्रीमती जतिंदर वालिया ने प्रार्थना सभा में सभी बच्चो को इस विजय दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

डॉक्टर ब्रह्मजोत कौर ने बच्चो को बताया कि भारत पाकिस्तान कारगिल युद्ध का कोड नाम ऑपरेशन विजय था। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपने देश के इन वीरों को याद करना चाहिए एवम हमारी आगे आने वाली पीढ़ी को इस विजय दिवस की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए ताकि उनके ह्रदय में देश प्रेम की भावना रहे।

विद्यालय में छात्रों व शिक्षकों सभी के साथ मोमबत्तियां जलाकर और 2 मिनट का मौन रखकर कारगिल के सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। जलती हुई मोमबत्तियों ने कार्यक्रम स्थल को रोशन कर दिया और इसे शांतिपूर्ण बना दिया।

# कैसरबाग बस स्टेशन पर सड़क सुरक्षा पखवारा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न




मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट

राजधानी लखनऊ रू सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर कैसरबाग बस स्टेशन पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित समारोह में बोलते हुए माननीय परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह जी ने कहा कि हम सबको सुरक्षित ड्राइविंग करना चाहिए तथा यात्रियों की भी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए उन्होंने कहा कि जितने लोग बीमारी से नहीं मरते हैं उस से 4 गुना लोग उत्तर प्रदेश में दुर्घटना से काल के गाल में समा जाते हैं इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि खुद को सुरक्षित रखें वह आम जनमानस की भी सुरक्षा का ध्यान रखते हैं इस अवसर पर माननीय मंत्री ने कहा संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार जल्द ही कोई ठोस निर्णय लेगी इन कर्मचारियों को बहुत कम वेतन मिलता है परिवहन निगम के कर्मचारियों ने काफी मेहनत की है और परिवहन निगम को मुनाफे में पहुंचाया है इसके लिए सभी लोग बधाई के पात्र हैं तथा उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा सड़क सुरक्षा पखवारा आयोजित किए जाने को लेकर संघ के तमाम कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया इस कार्यक्रम में लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मनोज कुमार पुंडीर ने पुष्पगुच्छ देकर माननीय परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह जी ,का स्वागत किया। भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमाकांत जी उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राकेश सिंह जी महामंत्री सत्यनारायण यादव जी संविदा के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद नसीम आर्यन एक गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ क्षेत्र की तरफ से दिया गया जिसमें क्षेत्रीय अध यक्ष श्री राकेश कुमार बाली जी क्षेत्रीय मंत्री सुधींद्र वर्मा जी कार्यकारी अध्यक्ष आमिर जावेद रूपेश कुमार वसीम अहमद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी रजनीश मिश्रा ने किया।

## डिप्टी सीएम ने की प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट,प्राप्त किया मार्गदर्शन

संवाददाता/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि आज संसद भवन में गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों व वंचितों के उत्थान के लिए अपना सर्वश्व समर्पित करने वाले विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय भेंट कर उत्तर प्रदेश के समग्र विकास से सम्बंधित विषयों पर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

## तेज रफ्तार डंपर ने ट्रक को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा साथी घायल

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ सीतापुर रोड पर तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की तड़के सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित मौरंग से लदे डंपर ने आगे जा रहे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर में बैठा हैल्पर केबिन में दबकर मौके पर ही मर गया। वहीं, ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने शव को बाहर निकाला। साथ ही ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 24 लखनऊ सीतापुर रोड पर तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार तड़के सुबह साढ़े पांच बजे के करीब बीकेटी क्षेत्र के इंदौराबाग तहसील मोड के पास सीतापुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तरा अनियंत्रित डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर में बैठा हैल्पर अशोक (50) केबिन में दबकर मौके पर ही मर गया । वहीं डंपर ड्राइवर बाबू राम निवासी भवानापुर गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसने बताया कि मृतक हैल्पर अशोक उसके चाचा का लड़का था।

## मानसिक दिव्यांग ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता

लखनऊ। भौली गांव में घटित हुई, जहां सुशील कुमार (60) निवासी शहीदपुर जनपद लखीमपुर ने अपनी बेटी की घर में छत में लगे पंखे के हुक में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुशील कुमार मानसिक रोगी था और उसका इलाज लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल से चल रहा था। सुशील कुमार अपनी बेटी रेखा देवी के घर पर लगभग डेढ़ साल से रहता था और उनका दामाद उमेश कुमार रेहड़ी की दुकान लगाता था।

# पनीर पेटीज में हड्डी मिलने के मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

## रद्द हो सकती है स्टार बेकरी का लाइसेंस

अयोध्या। मंगलवार की शाम कोतवाली नगर क्षेत्र के रीडगंज गुलाबबाड़ी मैदान के सामने पनीर पेटीज खाने आये दो युवकों द्वारा आरोप के मुताबिक पनीर पेटीज में हड्डी पाया गया।इससे पहले यह गंभीर मामला दबता कि दोनो युवकों द्वारा पनीर पेटीज में हड्डी मिलने का विरोध किया।इस घटना आग की तरह आसपास क्षेत्र में फैले गई।उक्त दुकान पर संतोष दूबे सहित अन्य लोगों ने इस घटना का विरोध किया।बताते चलें कि मंगलवार शाम कोतवाली नगर क्षेत्र में गुलाब बाड़ी के पास स्थित बेकरी की दुकान पर शिवनगर निवासी अभिनव तिवारी अपने मित्र अर्पित तिवारी के साथ पनीर पेटीज खाने गया था जिसमें खाने के दौरान पनीर पेटीज में हड्डी निकली।अभिनव तिवारी ने जब स्टार बेकरी के मालिक से शिकायत किया तो आरोप के मुताबिक बेकरी के मालिक ने अभिनव व उसके मित्र अर्पित तिवारी के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज झगड़ा पर उतर आए और अपने कर्मचारियों के साथ उसको घेर कर मारने पीटने की ध् ामकी देने लगे।अभिनव तिवारी किसी तरह से जान बचाकर थाना कोतवाली नगर में घटना के सम्बंध ा में स्टार बेकरी के मालिक व उनके अन्य कर्मियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने स्टर बेकरी के मालिक व अन्य कर्मियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।फूड डिपार्टमेंट भी इस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक फूड डिपार्टमेंट ने वेज से निर्मित खाद्य पदार्थों को बेचने के लिए लाइसेंस जारी किया था। परंतु इसके बावजूद वहां पर नॉनवेज भी बिक रहा था। इस घटना ने फूड विभाग व पुलिस प्रशासन की पोल पट्टी खोल कर दिया है।मालूम हो कि प्रदेश सरकार का सख्त निर्देश है सावन माह में खुले रुप से नानवेज,मांस,आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगे।परंतु राम नगरी में उत्तर प्रदेश सरकार का कोई आदेश का असर नहीं दिखाई दे रहा है।फिलहाल इस घटना के चलते स्थानीय लोगों मे स्टार बेकरी स्वामी के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। वही इस पवित्र सावन माह में फूड विभाग, पुलिस प्रशासन के लचर कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहा है।

# सर्वाइकल कैंसर विषय पर जिला महिला चिकित्सालय हरदोई में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन





हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) आज हरदोई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला महिला अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला जजध्सचिव सुधाकर दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अपर जिला जज ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के वारे में जानकारी देते हुए कहा कि गरीब, असहाय तथा जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क अधि ावक्ता मुहैया कराया जाता है।उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधि ाकरण द्वारा दी पीड़ित परिवार को दी जाने वाली क्षति पूर्ति योजना के वारे में तथा आगामी 09 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी रजामंदी के आधार पर मामलों का निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। सर्वाइकल कैंसर के विषय पर डॉ.अमृता अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि हाथ पैरों में कमजोरी और सूजन ,चलने फिरने में दिक्कत होना ,गर्दन में झटका ऐठन होना,महिलाओं के आँचल में दर्द होना तथा महिलाओं के गुप्तांग से सफेद पानी आना आदि ऐसे लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा समय–समय पर टीकाकरण कराएं।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुबोध सिंह, डॉ.अमृता अग्रवाल,डॉ. नमृता यादव, जिला विधि ाक सेवा प्राधिकरण की ओर से लिपिक अभिषेक अवस्थी, परा विधिक स्वयं सेवक शिवम कश्यप,सिराज मोहम्मद,विवेक मिश्रा,बबली सिंह,शैलेन्द्र, विनय पाल व कर्मचारीगण एवं अधिक संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# अभाविप की प्रांत सदस्यता कार्यशाला आयोजित



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। क्राइस्ट चर्च कालेज, हजरतगंज लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अवध प्रांत सदस्यता कार्यशाला का उद्घाटन प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह, प्रांत मंत्री आकाश पटेल, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह ने माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रो.नीतू सिंह ने कहा कि सभी जिलों में सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए अभाविप कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ संकल्पबद्ध हैं । प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने कहा की आगामी एक अगस्त से सभी कार्यकर्ताओं को विद्यार्थी सदस्यता अभियान में सक्रियता से लगना है, जिसकी प्रभावी योजना सभी जिलों में क्रियान्वयित होनी चाहिए।

प्रांत सदस्यता प्रमुख अभिषेक सिंह ने अब तक संचालित हुए सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए बताया कि अभाविप, अवध प्रांत में इस वर्ष कुल 7,69833 विद्यार्थी एवं 7223 शिक्षकों को अभाविप से जोड़ने वाला है।

कार्यशाला के अंतिम सत्र में सभी जिलों के कार्यकर्ताओं ने अपनी योजना बताई।

प्रांत उपाध्यक्ष डा. प्रवीण सिंह ने बताया कि सदस्यता अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है, पहले चरण में इंटर कॉलेज स्तर एवं द्वितीय चरण में उच्चतर शिक्षा के संस्थानों में सदस्यता अभियान संचालित करने की योजना है।

# प्राइवेट बस की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी

सुजानगंज/जौनपुर। सुजानगंज से बदलापुर की तरफ जा रहे बाइक सवार युवक की बखोपुर गांव के पास प्राइवेट बस की चपेट में आ जाने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई, घटना की जानकारी होते ही आस–पास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसका वाहन संख्या नच 44 फ 9017 का एक्सीडेंट प्राइवेट बस जिसका नंबरनच70 ृ ज 8488 से दुर्घटना हो गया, जिससे बाइक सवार संदीप जायसवाल पुत्र जीत लाल जायसवाल उम्र 21 वर्ष त्ध्क्वेवटली महाराजगंज की मौके पर मृत्यु हो गई, मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को थाना पर लाकर विधिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, रोते बिलखते परिजन थाने पर पहुंच गए थे।

# तेजी से बढ़ रही आंखों के लाल होने की बीमारी, कंजेक्टिवाइटिस के मामले बढ़ने से बाजार में आई ड्राप की दोगुनी खपत




हरदोई। आई फ्लू यानी वायरल कंजेक्टिवाइटिस। इस समय बड़ी संख्या में लोग इसके चपेट में हैं। राहत पाने के लिए एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल आई ड्राप की मांग तेजी से बढ़ी है। दो सप्ताह पहले प्रतिदिन करीब एक लाख रुपये की आई ड्राप बिकती थी, जो इस समय दोगुनी से अधिक हो गई है। डॉक्टर गौरव सिंह के यहां क्लीनिक पर डेढ़ सौ से 200 मरीज आंख से परेशान पहुंच रहे हैं। रोज के रोज नए नए मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है।

इधर दो सप्ताह से बड़ी संख्या में लोग आई फ्लू के चपेट में आ रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह बीमारी तेजी से पांव पसार रही है। इसमें लोगों की आंखें लाल हो जाती हैं। नगर के साथ–साथ राभा,, जाजूपारा , पडरवा, दहेलिया,मझिया जरेली , रनियामऊ लेहना ,सवरदा में भी कंजेक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।

दोगुनी हो गई आई ड्राप की खपत

दवा विक्रेता आनंद मिश्रा, पंकज का कहना है कि बिक्री बढ़ने से कई ब्रांडेड कंपनियों की आई ड्राप की बाजार में कमी हो गई है। बताया कि एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल आई ड्राप की खपत दो सप्ताह पहले से अब दुगनी खपत हो गई है।

इधर, बीमारी ने पांव पसारा तो मेडिकल स्टोरों पर बिक्री दो लाख रुपये से अधिक हो गई है। ऐसे में कई ब्रांडेड कंपनियों की एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल आई ड्राप की कमी को देखते हुए नई खेप मंगाने के लिए कंपनियों में आर्डर दिए गए हैं।

इन ड्रापों की मांग अधिक –सिप्रोफ्लाक्सिन –मोक्सीफ्लोक्सासिन –ओफ्लोक्सासिन –टोब्रामाइसिन

# 02 नफर वारंटी थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए

सुजानगंज। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक सै0 हुसैन मुन्तजर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर के कुशल मार्गदर्शन में उ0नि0 हिटलर खाँ मय हमराही कर्मचारीगण के द्वारा माननीय न्यायालय जौनपुर द्वारा जारी मुकदमा नम्बर 1435ध्2004 धारा 147ध् 504ध्506ध्427 भा.द.वि. थाना सुजानगंज जौनपुर बनाम अभियुक्तगण 1.मोखू पुत्र चौधरी बिन्द 2. हरी पुत्र चौधरी निवासीगण ग्राम करतौरा थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर का माननीय न्यायालय जौनपुर द्वारा जारी छठॅ के तामिला हेतु अभियुक्तगण उपरोक्त के घर पर दाबिस दी गयी तो घर पर मौजूद मिले जिन्हे नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करके माननीय न्यायालय भेजा गया ।

अभियुक्तगण

1.मोखू पुत्र चौधरी बिन्द निवासी ग्राम करतौरा थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर

2. हरी पुत्र चौधरी निवासी ग्राम करतौरा थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर

अपराधिक इतिहासः–

मुकदमा नम्बर 1435ध्2004 धारा 147ध्504ध्506ध्427 भा.द.वि. थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–

उ0नि0 हिटलर खाँ थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर

उ.नि. धनजी चौधरी थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर

का0 विसर्जन यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर

का0 गयाप्रसाद पटेल थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

# स्कूल बस से कुचलकर युवती की मौत

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । सरपतहां थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव में बुधवार सुबह बच्चों को लेने जा रही बस से कुचलकर रिंकू 24 वर्ष पुत्री कर्मराज बिंद की मौत हो गई। जिसके बाद उग्र भीड़ ने बस चालक को पकड़पुर बुरी तरीके से पिटाई की और बस को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं घटनास्थल पर एसडीएम को बुलाने की मांग करते हुए अखंडनगर–सरायमोहिउद्दीनपुर मार्ग जाम कर दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल भेजा। इस दौरान मौके पर सीओ शाहगंज शुभम तोदी,प्रभारी तहसील दार अमित सिंह के अलावा पूरे सर्किल की फोर्स जुट गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# एनएफसीआई होटल प्रबंधन एवं पाककला संस्थान ने अधिकतम संख्या में चटनी बनाने का रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट एण्ड कलिनरी इंस्टीट्यूट लखनऊ शाखा ने एक ही समय में सभी 15 परिसरों और हेड ऑफिस जालंधर पंजाब सहित अधिकतम संख्या में चटनी बनाने का रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया है। देश भर में जहां भी एनएफसीआई की शाखाएं मौजूद हैं, रिकॉर्ड का प्रयास दोपहर 12 बजे शुरू हुआ। पूरे एनएफसीआई समूह से चटनियों की कुल संख्या 2194 थी, जिनमें से लखनऊ शाखा ने 108 चटनियाँ प्रस्तुत की हैं। चटनी के लिए प्रमुख सामग्री गाजर, मूंगफली और सफेद तिल थे।

इस रिकॉर्ड के प्रयास को देखने के लिए मीडियाकर्मी और दो राजपत्र अधिकारी शिवानी सक्सेना और अजय पांडे, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण विभाग सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी लोग उपस्थित थे। उपरोक्त के अलावा एनएफसीआई लखनऊ शाखा की पूरी टीम जिसमें अभिषेक श्रीवास्तव केंद्र निदेशक, एकता श्रीवास्तव–प्रबंध निदेशक लखनऊ शाखा, अब्दुल हफीज सेल्स हेड–कॉर्पोरेट, विदुषी गुप्ता– केंद्र अकादमिक प्रबंधक, अवध ेश मिश्रा– परिचालन प्रबंधक, हिमांशु टंडन– फैकल्टी शेफ, विपिन पांडे एडमिन एक्जीक्यूटिव, राजदीप कौर और नम्रता सिंह, एनएफसीआई शिक्षा समूह जालंधर, पंजाब के प्रबंधन से पी एस नागपाल (प्रबंध निदेशक), संजीव कश्यप (निदेशक), अंजना जोशी (निदेशक), नवीन दुआ (कार्यकारी निदेशक) रिकॉर्ड के पूरे प्रयास के दौरान जुड़ा हुआ था। राजपत्र अधिकारी शिवानी सक्सेना और अजय पांडे ने एनएफसीआई छात्रों और एनएफसीआई ग्रुप ऑफ एजुकेशन की पूरी टीम के प्रयासों की बहुत सराहना की।

# एस.के.डी. एकेडमी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। एसकेडी एकेडमी के विद्यार्थियों ने आज 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरूद्ध विजय को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया। साथ ही भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जिन्होंने 24 वर्ष पूर्व वीरता पूर्वक देश के लिए संघर्ष करते हुये अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस अवसर पर निदेशक श्री मनीष सिंह जी ने अमर शहीदों के अभूतपूर्व योगदान को नमन करते हुये कहा कि भारतीय सेना के जवान हम सभी के लिए आदरणीय हैं क्योंकि अपने जीवन का बलिदान देकर वो पूरे देश के देशवासियों की सदैव रक्षा करते हैं। हम सभी उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं एवं 1999 में मिली कारगिल विजय को विजय दिवस के रूप में उत्सव की तरह मनाते हैं।

# एस. आर. ग्रुप का अतिकैम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। बख्शी तालाब स्थित एसआर ग्रुप इंस्टिट्यूशन में आज अतिकैम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और एसआर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी लखनऊ के मध्य एक प्रशिक्षण समझौता किया गया, जिसमें अतिकैम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से सेल्स हेड गुंजन वाही ,मोना वर्मा (प्रोजेक्ट मैनेजर पैन इंडिया), असरार मेहंदी कादरी (रीजनल सेल्स हेड ) और एसआर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ डीपी सिंह के मध्य हुआ । इस करार में अटीकैम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फर्स्ट ईयर से लेकर फाइनल ईयर तक के छात्रों को तकनीकी एवं भाषा परक शिक्षा में दक्ष बनाया जाएगा। जिससे आने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों में छात्रों द्वारा उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया जा सके ।

संस्थान के वाइस चेयरपर्सन पीयूष सिंह चौहान द्वारा पहल करते हुए अटिकैम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (इंडिया सेल्स हेड ) गुंजन वाही को बुलाया गया था तब यह प्रशिक्षण समझौता किया जा सका,इस अवसर पर आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मणिपुर की घटना को लेकर रालोद का प्रदेश व्यापी प्रदर्शन 27 को ,राष्ट्रपति को सौपेंगे ज्ञापन

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर जिला एवं महानगर इकाइयों द्वारा राष्ट्रपति को आगामी 27 जुलाई को ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जो घटना हुई है वह मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। सरकार ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी को होने दिया जिसने मणिपुर के नाजुक सामाजिक ताने बाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। बड़े अफसोस की बात है कि मणिपुर घटना पर संसद के दोनों सदनों में कोई चर्चा नहीं हुई और न ही प्रध ाानमंत्री ने अपना वक्तव्य दिया। भाजपा सरकार देश की बहन बेटियों की इज्जत के बारे में न गम्भीर है और न संवेदनशील। किसी भी प्रदेश में हो लेकिन महिलाओं का सम्मान होना चाहिए। श्री सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर मणिपुर में जातिगत राजनीति करने का आरोप लगाते हुए।

# हम अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे : संजय निषाद

संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि हम अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा , भाजपा 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर हारी थी वो सभी हमें दे दे। हम उन्हें जीतकर देंगे। निषाद पार्टी की 37 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। डॉ. संजय निषाद मंगलवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अपनी पार्टी की तैयारियों पर चर्चा की। निषाद पार्टी उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में भी विस्तार कर रही है जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और भविष्य में पार्टी दूसरे राज्यों में भी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि बीते दिन वह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दौरे पर थे। वहां पार्टी के विस्तार को लेकर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की। निषाद पार्टी द्वारा आयोजित केवट सम्मेलन में शिरकत की। छत्तीसगढ़ में मछुआ समाज कांग्रेस सरकार से प्रताड़ित है। प्रदेश सरकार दमनकारी नीतियों से प्रदेश के मछुआ समाज को प्रताड़ित कर रही है जिसका जवाब मछुआ समाज विधानसभा चुनाव में देगा।

# 2000 के नोट की तरह चले गये कुछ लोग : अखिलेश

संवाददाता

लखनऊ। सपा चीफअखिलेश यादव ने फेसबुक पोस्ट और ट्वीट के जरिए उन नेताओं पर तंज किया जो हाल ही में सपा को छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए। सोमवार की दोपहर को किए अपने किए ट्ववीट में उन्होंने लिखा कि कुछ लोग चले गए 2000 की नोट की तरह। ट्वीट आने के बाद सोशल मीडिया में कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कुछ उनके पक्ष में रीट्वीट हुए तो कुछ ने उन्हें खरी–खोटी सुनाई। अखिलेश का यह ट्वीट उन बीजेपी नेताओं पर किया गया तंज है जो पिछले कुछ दिनों से बारी–बारी करके सपा छोड़कर बीजेपी का दामन थाम रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश में तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 1.89 क्विंटल गांजा बरामद

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 47 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया। एसटीएफ के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ के सूत्रों ने बताया कि सोमवार की रात सोनभद्र जिले के म्योरपुर क्षेत्र में तसीर अंसारी, सूरज चौहान और राज भाटी नामक मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ा गया और उनके कब्जे से 1.89 क्विंटल गांजा बरामद किया गया। बरामद गाएटीएस की कीमत करीब 47 लाख रुपये बताई जाती है। उन्होंने बताया कि एसटीएफ को पता चला था कि तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य अपने सहयोगियों के साथ ओडिशा से मादक पदार्थों की खेप लेकर ट्रक से सोनभद्र आएंगे और फिर गाजियाबाद जाएंगे। इस सूचना पर सोनभद्र के म्योरपुर स्थित सर्वेश्वरी आश्रम के पास एसटीएफ की टीम ने एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके अंदर से 1.89 क्विंटल गांजा बरामद किया गया।

## राप्ती नदी पर बनेगा आठ लेन का राजघाट पुल

संवाददाता

लखनऊ। राप्ती नदी पर बना राजघाट पुल अब आठ लेन का हो जायेगा। शासन की व्यय वित्त समिति ने सेतु निगम के प्रस्ताव को कल मंजूरी दे दी। जल्द शासनादेश जारी होने की उम्मीद है।गोरखपुर से लखनऊ और वाराणसी जाने वाले रास्ते पर स्थित राप्ती नदी पर राजघाट पुल बना है।

हिन्दी सान्ध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।